This question paper contains 8+4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..............................

**8660**

**B.A. (Programme)/I AS**

# HINDI LANGUAGE (B)—Paper I

# हिंदी भाषा (ख)—प्रश्नपत्र I

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** : प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-Formal Cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) दु:ख और सुख तो मन के विकल्प हैं । सुखी वह है जिसका मन वश में है, दु:खी वह है जिसका मन परवश

P.T.O.

है । परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ हजूरी । जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छन्दावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है । कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है । वह वशी है । वह वैरागी है । राजा जनक की तरह संसार में रहकर, सम्पूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त । जनक की ही भाँति वह घोषणा करता है – मैं स्वार्थ के लिए अपने मन को सदा दूसरे के मन में घुसाता नहीं फिरता, इसलिए मैं मन को जीत सका हूँ । उसे वश में कर सका हूँ ।

(*i*) लेखक के अनुसार इस संसार में सुखी कौन है और दुःखी कौन ?

(*ii*) कुटज की समानता राजा जनक से क्यों की गई है ?

(*iii*) "जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छन्दावर्तन करता है ।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत हैं ? पाठ के लेखक का नाम बताइये ।

(ख) किसी भी अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी हृदय के भाव शान्त नहीं रह सकते । उस कार्य के समाप्त होने के अनन्तर उस हृदय में आंदोलन होता है, दुःख होता है, अशांति उत्पन्न होती है, अनुताप अथवा पश्चाताप होता है । मनोवैज्ञानिकों की दृष्टि में अनुताप कुछ भी हो, किन्तु हमारे लिए तो अनुपात वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करती चली जाती है । स्वीकृति और अनुताप – ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं । यदि हमसे कोई भूल हो जाए और उस भूल को हम स्वीकार कर लें, यदि हमसे कोई अपराध हो जाए और हम उसे मान लें, यदि हमारे हृदय में धड़कन उत्पन्न न हो कि हमारे दोष स्वीकार कर लेने से हम लोगों की दृष्टि में गिर जाएँगे, तो उस दिन हम समझेंगे कि आज हमारी विजय का दिवस है ।

(i) अनुचित कार्य करने से सदाचारी हृदय की क्या दशा होती है ?

(*ii*) 'अनुताप' **अथवा** 'पश्चाताप' से क्या अभिप्राय है ?

(*iii*) "'स्वीकृति' और 'अनुताप' – ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं ।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) लेखक ने किस दिन को 'हमारी विजय का दिवस' माना है ?

(ग) साक्षरता इस दिशा में पहला कदम है । इससे केवल बुद्धि का कपाट खुल जाता है । साक्षर हो जाने पर कोई व्यक्ति केवल साधारण किस्से-कहानियाँ पढ़ सकता है, किन्तु वह शिक्षित नहीं हो सकता और न अपने व्यवहारों को सामाजिक और विवेकयुक्त ही कर सकता है । वह राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का भी अध्ययन नहीं कर सकता जिनसे आज चारों ओर उथल-पुथल मची हुई है । ऐसी साक्षरता से व्यावसायिक वर्ग अनुचित लाभ उठाते हैं और केवल मुनाफा कमाने के लिए

ढेर-के-ढेर ऐसे सस्ते और भद्दे साहित्य को प्रकाशित करते हैं जिनसे केवल मनुष्य की दुष्प्रवृत्तियों को उत्तेजना मिलती है । इस प्रकार के पुस्तक व्यवहार से जिसकी आजकल काफी धूम है, जनता शिक्षित नहीं होती, बल्कि पथभ्रष्ट होती है । केवल साक्षर समाज से भी काफ़ी खतरा है और आसानी से वह अधिनायकों और अधिकाराकांक्षियों के जाल में फँस सकता है ।

(*i*) साक्षर होने से क्या अभिप्राय है ?

(*ii*) साक्षर और शिक्षित में क्या अन्तर है ?

(*iii*) किसी समाज को 'केवल साक्षर' बनाने से क्या हानि होती है ?

(*iv*) 'अधिकाराकांक्षियों' शब्द का विच्छेद करके उसका अर्थ बताइये ।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) बालक शिवशम्भु का स्वप्न कैसे भंग हुआ ?

[शिवशम्भु के चिट्ठे और खत : बनाम लॉर्ड कर्जन]

(ii) रामप्रसाद बिस्मिल की अन्तिम इच्छा क्या थी ?

[बिस्मिल का अन्तिम संदेश]

(iii) मानव-मन में भावुकता क्यों अनिवार्य है ?

[शुभकामना : एक जीवन तत्त्व]

(iv) बहादुर के जाने पर परिवार को पश्चाताप क्यों हुआ था ?

[बहादुर]

(v) ध्यान से देखने को लेखक ने महत्त्वपूर्ण क्यों माना है ?

[देखो मगर ध्यान से]

(vi) "नदी जीवनदायिनी भी है और विनाशकारिणी भी" – इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

[फिर उसी नर्मदा मैया की जय]

(vii) पुनर्जन्म जीवन की अनन्तता को कैसे सिद्ध करता है ?

[नैतिकता का स्रोत]

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) कट्टो निश्छल प्रेम और आस्था की मूर्ति है – इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

(ii) सत्यधन गरिमा से विवाह क्यों करता है ?

(*iii*) सत्यधन और बिहारी के चरित्र में क्या अंतर है ?

(*iv*) 'परख' उपन्यास में मध्यवर्ग के सामाजिक जीवन की किन विशेषताओं का संकेत मिलता है ?

(*v*) जीवन के प्रति सत्यधन ने क्या आदर्श निश्चित किया ?

(*vi*) उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(*vii*) कट्टो और बिहारी का विवाह किस रूप में विलक्षण है ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) अस्पृश्यता निवारण सम्बंधी सम्मेलन में सहभोज के अवसर पर लेखक के पिता ने कौनसा क्रांतिकारी कदम उठाया ? [लक्ष्मीनारायण माथुर : मेरे पिता]

(*ii*) दामोदर घाटी कार्पोरेशन में कार्य करते हुए अपने सहकर्मियों के साथ सुधीन्द्र दत्त का व्यवहार कैसा था ?

[द्रष्टा, कर्ता और कवि : सुधीन्द्र दत्त]

(iii) "हरेक छात्र समझता कि वह एक विशाल बरगद के कल्याणकर आश्रय में है ।" इस कथन से झा साहब के व्यक्तित्व की किस विशेषता का पता चलता है ?

[जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा]

(iv) शिशिर भादुड़ी को अभिनय की प्रेरणा कहाँ से प्राप्त हुई ? [मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी]

(v) "कर्मठ व्यक्ति के लिए जीवन का पथ उतना लम्बा नहीं होता जितना लक्ष्यहीनों के लिए ।" यह कथन अल्टेकर के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं की ओर संकेत करता है ?

[व्यवहार-कुशल और संवेदनशील पंडित : अनंत सदाशिव अल्टेकर]

(vi) श्रीराम वाजपेयी को स्काउट ट्रेनिंग की प्रेरणा कहाँ से प्राप्त हुई ?

[किशोर जीवन ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी]

(vii) विदेश से लौटने के बाद पुरुषोत्तम मंगेश लाड जब कुल देवता मंगेश की अर्चना करने गए तो क्या घटना घटित हुई ?

[अफ़सर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड]

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) विपति कसौटी जो कसै सोई साँचे मीत

(*ii*) पर-उपदेश-कुशल बहुतेरे

(*iii*) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान ।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 5

आज हम सभी परेशान हैं कि समय पर वर्षा नहीं होती । कहीं अतिवृष्टि है, कहीं अल्पवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि । पिछली सदी के पूर्वार्द्ध की अपेक्षा उत्तरार्ध में मौसम-चक्र कुछ बदल गया है और अब तो अनिश्चित सा हो गया है । पहले हर मौसम प्रायः समय पर आता था और वर्षा नियमित रूप से होती थी । यह स्थिति केवल भारत की नहीं है बल्कि सम्पूर्ण विश्व की है । कहीं इतनी वर्षा होती है कि बाढ़ के कारण जन और धन की अपार हानि होती है तो कहीं बिल्कुल वर्षा नहीं होती जिससे खड़ी फ़सलें खेत में नष्ट हो जाती हैं । कुछ देशों में बर्फ इतनी गिरती है कि जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है । कभी-कभी जब फ़सल पक

जाती है तब मूसलाधार वर्षा हो जाती है जिससे अन्न को घर लाना असम्भव हो जाता है । वायुमण्डल में प्रदूषण और प्रकृति-असंतुलन के कारण भारत में भी कभी भयंकर सूखा पड़ता है, कभी भीषण बाढ़ आती है । यह प्राकृतिक आपदा मनुष्य निर्मित है, क्योंकि मनुष्य स्वयं प्रकृति का सन्तुलन बिगाड़ रहा है । मौसम में इस तरह के बदलाव से सामान्य जन पीड़ित हैं और वैज्ञानिक चिंतित । वैज्ञानिक खोजों से पता चलता है कि मौसम में परिवर्तन का कारण तथा फेफड़ों में कैंसर व हृदय के रोगों एवं मानसिक तनाव आदि का मुख्य कारण है – प्रकृति में असन्तुलन ।

5. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : 8

(*i*) भारत में हॉकी बनाम क्रिकेट

(*ii*) महानगरीय जीवन की समस्याएँ

(*iii*) बढ़ते अपराध और मीडिया ।

6. किसी **एक** घटना/स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) सड़क दुर्घटना का दृश्य

(*ii*) कॉलेज की कैंटीन ।

7\. (क) शब्दकोश किसे कहते हैं ? एकभाषी कोश और द्विभाषी कोश में क्या अन्तर है ? 5

(ख) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

डॉक्टर, चुनाव, सभ्यता, आकाशवाणी, विश्वास, कृषक, उपयोगिता, परोपकार, एकत्र, उदासीन ।

(ग) कार्यालयी हिंदी **अथवा** अखबारी हिंदी की विशेषताएँ बताइए । 4

(घ) किन्हीं **तीन** के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3

पर्वत, वृक्ष, आभूषण, अमृत, मछली ।

8\. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : 4

(*i*) आज महाविद्यालय में अवकाश है । [निषेधवाचक]

(*ii*) भारत की राजधानी दिल्ली एक ऐतिहासिक नगर है । [संयुक्त वाक्य]

(*iii*) जो परिश्रमी होता है वह सदा सफल होता है ।

[सरल वाक्य]

(*iv*) धर्म की हानि होने पर ईश्वर अवतार लेते हैं ।

[मिश्र वाक्य]

(ख) निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 3

(*i*) भूख लगने पर भी राजन खा नहीं पाता ।

[भाववाच्य]

(*ii*) किसानों के द्वारा फसल काटी गई । [कर्तृवाच्य]

(*iii*) राधा ने सारे कपड़े धो दिए । [कर्मवाच्य]

(ग) निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 3

पाप–पुण्य, दशानन, चौराहा ।

(घ) निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए : 3

दि. न. नि., के. लो. नि. वि., दि. वि. प्रा.